ACADEMIC YEAR

2024

# Karnataka Board Model Paper

aglasem.com

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ
ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2023-24ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ
## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER – 2023-24

## ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
## Subject : First Language — HINDI

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ 15 ನಿಮಿಷಗಳು ] ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : **06-H**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] **Subject Code : 06-H**

**CCE-RF : ಶಾಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು / Regular Fresh**

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं ।
2. प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं । उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए । 6 × 1 = 6**

1. 'गोचर' शब्द का विलोम रूप है –

(A) दिखना (B) अगोचर

(C) चर (D) गमन

2. निम्न में स्त्रीलिंग शब्द है –

(A) पंडिताइन (B) कवि

(C) लेखक (D) भिखारी

3. निम्न में से बहुवचन शब्द पहचानिए –

(A) औरत (B) टोकरी

(C) समस्याएँ (D) कोशिश

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –

(A) उड़ना (B) पढ़वाना

(C) सीख (D) चलाना

5. निम्नलिखित में से प्रत्यययुक्त शब्द है –

(A) बेईमान (B) अपमान

(C) सुंदरता (D) अपठित

6. 'टाँग अड़ाना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) अपमान करना (B) रुकावट डालना

(C) भाग जाना (D) तैयार रहना

**II. प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए।**

**4 × 1 = 4**

7. शब्दार्थ : दीर्घ संधि :: सदैव : ..... ।

8. नवरात्रि : द्विगु समास :: गुण-दोष : ..... ।

9. जो विदेश में रहता है : विदेशी :: जो पढ़ा-लिखा न हो : ..... ।

10. हिरन दौड़ता है : वर्तमान काल :: मैंने रोटी खायी : ..... ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **7 × 1 = 7**

11. सिपाही ने बच्चे को क्यों चूमकर पुचकारा ?

12. किसकी चप्पल की कील उखड़ी हुई थी ?

13. पुरुषोत्तम के अब्राह्मण के साथ भोजन करने से क्या परिणाम होता है ?

14. लोकगीत का मुख्य विषय क्या होता है ?

15. वृंद के अनुसार मानव के पाप किस तरह दूर हो सकते हैं ?

16. नये समाज का निर्माण कैसे होना चाहिए ?

17. हेलन–केलर के अनुसार मनुष्य किसकी कदर नहीं करता ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए :** **10 × 2 = 20**

18. रुपये इस युग के बारे में क्या कह रहा है ?

19. लोकगीतों की भाषा और भाव के बारे में लिखिए ।

20. महायुद्धों का सामना करने पर भी रूस की प्रगति कैसी है ?

21. विनायक और पुरुषोत्तम के संबंध के बारे में लिखिए ।

22. सबसे पहले गोली किसे और क्यों लगी ?

23. कवि बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' किस बात का वर्णन नहीं करना चाहते हैं ?

24. नेपोलियन के चरित्र के बारे में लिखिए ।

25. परिश्रमी व्यक्ति जीवन के रेतीले मैदानों को कैसे पार कर सकता है ?

26. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियमों को लिखिए ।

27. 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कहावत का अर्थ समझाइए ।

**V. निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए । 2 × 3 = 6**

28. जैनेंद्र ।

29. रहीम ।

**VI. छन्द पहचानकर लक्षण बताइए । 3**

30. क्षण में होय कमाल, गुस्सा ऐसा कीजिए ।

होय टमाटर लाल, जामुन-सा मुखड़ा तुरत ।।

**VII. अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए। 3**

31. चारू चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में ।

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 4 × 3 = 12**

32. 'आप इस शख्स को जानते हैं' ?

33. 'इस कल में से ईमान या बेईमानी के स्वर निकलते हैं, जिन्हें 'आत्म की पुकार' कहते हैं ।'

34. 'रोज फुदकती है, ठीक यहीं आकर ।'

35. ''इतने तुम धनी हो,

तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं

सौ गुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।''

**IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : 3 × 3 = 9**

36. रत्नाकरजी और शर्माजी खिल–खिलाकर हँसने के कारण बताइए ।

37. शीला अग्रवाल ने लेखिका के जीवन को कैसे सँवारा ? स्पष्ट कीजिए ।

38. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या–स्थान है, कैसे ?

**X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए।** **4**

39. पैदा कर जिस .....

.....

.....

..... स्वजीवन सारा ।

**अथवा**

जग में सुख .....

.....

.....

..... को गले लगाना ।

**XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए।** **4**

40. अज्ञानियों से स्नेह करना

मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है ।

ज्ञानियों का संग करना,

मानो दही मथकर माखन पाना है

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

तुम्हारे भक्तों का संग करना

मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है ।

**अथवा**

भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न हैं,

प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,

शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,

सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,

हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,

मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ–दस वाक्यों में लिखिए । 2 × 4 = 8**

41. गाँधीजी ने चम्पारन समस्या का निवारण कैसे किया ? विवरण दीजिए ।

**अथवा**

दक्षिण अफ्रिका में गाँधीजी के साथ हुए अपमानों के बारे में लिखिए ।

42. आलूर वेंकटराव जी के नूतन विद्यालय का परिचय दीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या–क्या किया ? विवरण दीजिए ।

**XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2 × 2 = 4**

43. प्रायः अधिकांश लोग दूसरों के जीवन का अनुसरण करते हैं, इसी में उनको सुख मिलता है । तभी तो हम दूसरे के सहारे आगे बढ़ना चाहते हैं । अपनी ताकत को न पहचानकर दूसरों के पीछे निरुद्देश्य चलना अंधानुकरण नहीं तो और क्या ? सूखे

पीले पत्ते कमज़ोर होते हुए भी अपने को समर्थ मानते हैं । किन्तु यह उनका भ्रम है । दूसरों के बल पर जीने वाले दूसरों की नीति पर चलने वाले कभी प्रगति नहीं कर सकते हैं । समय के साथ हमें भी बढ़ना है । इसके लिए निजबल की जरूरत है । वास्तव में निज बल ही सर्वोपरि है ।

**प्रश्न :**

a) अंधानुकरण का मतलब समझाइए ।

b) 'प्रगति पीछे चलने से नहीं' इस भाव को स्पष्ट कीजिए ।

**XIV. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए । 5**

44. कोई भी कारण बताते हुए तीन दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षणिक प्रवास के लिए 3,000 रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

**XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 15-20 वाक्यों में निबंध लिखिए। 1 × 5 = 5**

45. i) हमारे राष्ट्रीय पर्व ।

ii) चंद्रयान–3 ।

DO NOT WRITE ANYTHING HERE